उत्तर प्रदेश शासन
नागरिक उड्डयन अनुभाग
संख्या: 53/2024/345/छप्पन-2024-29(सा0)/2020
लखनऊ, दिनांक: 25 जून, 2024

<u>कार्यालय-ज्ञाप</u>

नागरिक उड्डयन निदेशालय, उत्तर प्रदेश के परिचालन इकाई के अन्तर्गत पायलट (फिक्स्ड विंग) के पद पर कै0 सुधीर कुमार को रू0 05.00/- लाख (रूपए पाँच लाख मात्र) के नियत मासिक पारिश्रमिक पर शासनादेश संख्या:142/2018/2657/छप्पन-2018-23/17 दिनांक 26 दिसम्बर, 2018 द्वारा कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से अग्रेत्तर 02 वर्ष के लिए नियुक्त किया गया था। तदोपरान्त कै0 सुधीर कुमार, पायलट (फिक्स्ड विंग) की सेवाओं की आवश्यकता को दृष्टिगत रखते हुए उनकी संविदा सेवा अवधि पूर्व सेवा शर्तों के साथ शासनादेश संख्या: 67/2020/1690/छप्पन-2020-29(सा0)/2020 दिनांक 08 अक्टूबर, 2020 द्वारा आगामी 02 वर्ष तथा शासनादेश संख्या-93/2022/1888/छप्पन-2022-29(सा0)/2020 दिनांक 23 दिसम्बर, 2022 द्वारा 01 वर्ष (अर्थात 27 दिसम्बर, 2023 तक) के लिए बढ़ाई गई थी। वर्तमान की संविदा शासनादेश संख्या-119/2023/1610/छप्पन-2023-29(सा0)/2020 दिनांक 27 दिसम्बर, 2023 द्वारा 01 वर्ष (अर्थात 27 दिसम्बर, 2024 तक) के लिए बढ़ाई गई थी। निदेशक, नागरिक उड्डयन के पत्र संख्या-378/ना0उ0नि0/व्य0पत्रा0/2024 दिनांक 05 मार्च, 2024 द्वारा कै0 सुधीर कुमार की संविदा अवधि पूर्व सेवा शर्तों एवं प्रतिबन्धों के साथ अग्रेत्तर 02 वर्ष तक बढ़ाए जाने का अनुरोध किया गया है।

2- अतः निदेशक, नागरिक उड्डयन के उक्त प्रस्ताव पर सम्यक विचारोपरान्त श्री राज्यपाल नागरिक उड्डयन निदेशालय, उ0प्र0 की परिचालन इकाई के अन्तर्गत पायलट (फिक्स्ड विंग) के पद पर कार्यरत कै0 सुधीर कुमार की संविदा अवधि वर्तमान मासिक पारिश्रमिक रूपए 6,38,142.00 (रूपये छ: लाख अड़तीस हजार एक सौ बयालिस मात्र) एवं शासनादेश संख्या:1422/छप्पन-2011-17/2014 दिनांक 09 सितम्बर, 2014 के अनुसार यथासमय अनुमन्य 05 प्रतिशत वार्षिक पारिश्रमिक वृद्धि पर दिनांक 28 दिसम्बर, 2024 से आगामी 02 वर्ष (अर्थात 27 दिसम्बर, 2026 तक) के लिए बढ़ाए जाने की सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं।

3- कै0 सुधीर कुमार की संविदा सेवा के सम्बन्ध में अन्य नियम व शर्तें पूर्ववत् जारी रहेंगी।

4- कै0 सुधीर कुमार से संविदा सेवा वृद्धि के सम्बन्ध में निर्धारित प्रपत्र पर अनुबन्ध-पत्र निष्पादित कर शासन को अभिलेखार्थ उपलब्ध कराया जाएगा।

कुमार हर्ष
विशेष सचिव

2/--

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

संख्या: 53/2024/345(1)/छप्पन-2024-तद्दिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1. निदेशक, नागरिक उड्डयन, उ0प्र0 लखनऊ को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि कै0 सुधीर कुमार से निर्धारित प्रपत्र पर अनुबन्ध-पत्र निष्पादित कर शासन को उपलब्ध कराने का कष्ट करें।
2. कै0 सुधीर कुमार, पायलट (फिक्स्ड विंग) नागरिक उड्डयन निदेशालय, उ0प्र0, लखनऊ एयरपोर्ट, लखनऊ।
3. महालेखाकार-प्रथम (लेखा एवं हकदारी), उ0प्र0, प्रयागराज।
4. मुख्य कोषाधिकारी, जवाहर भवन, लखनऊ।
5. वित्त नियंत्रक, नागरिक उड्डयन निदेशालय, उ0प्र0, लखनऊ एयरपोर्ट, लखनऊ।
6. वित्त (व्यय-नियंत्रण) अनुभाग-7
7. गार्ड फाईल।

आज्ञा से,
आनन्द कौशिक
अनु सचिव

http://shasanadesh.up.gov.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।